भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 646

जिसका उत्तर 04.02.2021 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मरम्मत कार्य

646. कुंवर दानिश अलीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 9, गढ़मुक्तेश्वर, बृजघाट पर मरम्मत कार्य हेतु कितनी निधि व्यय की गई है और उक्त कार्य को किस कंपनी ने किया;

(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त एनएच पर कितनी दुर्घटनाएं हुईं;

(ग) क्या उक्त एनएच पर मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) सं. 9 के गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट पर मरम्मत कार्यों के लिए 35.44 करोड़ रुपये की निधि का व्यय किया गया है और कंपनी का नाम मेसर्स फ्रेस्सीनेटप्रेस्ट्रेस्ड कंक्रीट कंपनी लिमिटेड और बीपी कंस्ट्रक्शन है।

(ख): उक्त अवधि के दौरान लगभग 185 दुर्घटनाएं हुईं।

(ग) और (घ): इस रारा पर मरम्मत का काम पूरा हो गया है। नए दोषों का सुधार करना शुरू कर दिया गया गया है।

*****